हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

NEWS

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–213 : जौनपुर, सोमवार 29 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## सशक्त लोकतंत्र का प्रहरी है सचेत मतदाता : डॉ.राकेश कुमार यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय सेवा योजना, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध जनपद जौनपुर के विभिन्न महाविद्यालयों में आज मतदाता जागरूक जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ का आयोजन किया गया। गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर ,जौनपुर में प्राचार्य डॉ. बीरेंद्र कुमार निर्मल के संरक्षकत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ में समन्वयक डॉ राकेश कुमार यादव ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि सचेत मतदाता सशक्त लोकतंत्र का प्रहरी है ।उन्होंने स्वयंसेवकों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई साथ ही साथ 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को अधिक से अधिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने के लिए प्रेरित करने हेतु छात्रों का आह्वान किया ।इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ अवधेश कुमार मिश्र, डॉ उदय प्रताप सिंह विशेष रुप से उपस्थित रहे। फरीदुल हक मेमोरियल डिग्री कॉलेज सबरहद,शाहगंज में प्राचार्य तबरेज आलम ने छात्रों एवं स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया और मतदाता शपथ दिलाई। एसवीडी गुरुकुल महाविद्यालय ऊंचगांव, दुमदमा में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अभिषेक कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली जिसको प्रबंधक डॉ उमेश चंद्र तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।छात्रों ने गांव में जाकर अधिक से अधिक लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। गुलाबी देवी पीजी कॉलेज सिद्दीकपुर जौनपुर में प्राचार्य




डॉ रमाशंकर यादव के नेतृत्व में स्वयंसेवकों को मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई तथा पास के गांव सिद्धीकपुर में जाकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही साथ 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ने के लिए जागरूक किया गया। डॉ.अख्तर हसन रिजवी सिया पीजी कॉलेज में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता शपथ ली साथ ही साथ लोगों को अधिक से अधिक मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया ।जनपद के अन्य महाविद्यालयों में भी आज मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## जद्दूपुर में दो पक्षों में खूनी संघर्ष दो की मौत : पाँच लोग घायल

डीके यू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : झंगहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जद्दूपुर गांव में रविवार को निषाद और यादव दोनों पक्ष के लोगों में जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। अंधाधुंध फायरिंग कर चाचा–भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जब कि पांच लोग घायल हो गए। एक युवती की हालत गंभीर बताई जा रही है। जिसका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी होते ही पुलिस के आला अधिकारी डीआईजी गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर जे रविंद्र गौड़ पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी बांसगांव राहुल भाटी क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा अखिलानंद उपाध्याय सहित अन्य अधिकारीगण घटनास्थल पर पहुंच कर एहतियातन गांव में पीएससी व पुलिस बल तैनात कर घटना में संलिप्त अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की बात कही गई। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तनाव को देखते हुए गांव में घ्एहतियातन पीएसी बल लगा दी गई है। झंगहा थाना क्षेत्र के जद्दूपुर निवासी मकसूदन निषाद और गांव के ही श्याम यादव में छठ के दिन आर्केस्ट्रा देखने के दौरान मारपीट हुई थी। इसमें श्याम यादव का सिर फट गया था। इस मामले में मकसूदन साहनी और पवन साहनी के खिलाफ केस भी दर्ज हुआ था। इसके बाद से ही निषाद पक्ष नाराज हो गया। हालां कि इससे पहले से निषाद और यादव पक्ष में जमीनी पुरानी रंजिश भी चली आ रही थी। रविवार को एक बार फिर दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। निषाद समाज के गुलशन व अन्य दर्जन भर लोग लाठी–डंडा व असलहों से लैस हो कर यादव पक्ष से भिड़ गए। आरोप है कि इस दौरान निषाद पक्ष की ओर से ताबड़ तोड़ गोलियां चलनी शुरू हो गईं। इसमें रामकिशुन यादव (65) और उनके भाई रामायण यादव के बेटे विशाल यादव (20) तथा दीनानाथ की बेटी रिंकी कुमारी (22) को गोली लग गई। विशाल यादव की मौके पर



ही मौत हो गई। रामकिशुन यादव और रिंकी को बीआरडी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। वहां रामकिशुन को भी मृत घोषित कर दिया गया। रिंकी की हालत गंभीर बनी हुई है। इसके अलावा दयाराम, इन्द्रल, प्रियंका और चन्दकली देवी भी घायल हैं। विशाल यादव बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। वह दो भाइयों में बड़ा था। बीए के साथ ही वह एसएससी की भी तैयारी कर रहा था। रविवार की शाम में ही विशाल को एसएससी की परीक्षा के लिए लखनऊ जाना था। सोमवार को उसकी परीक्षा थी। मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है। निषाद और यादव पक्ष के बीच विवाद को देखते हुए गांव में भारी संख्या में पुलिस और पीएसी लगा दी गई है। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण है। उधर, गांव में पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने पीड़ित परिवार से बात की और आरोपितों पर कार्रवाई का भरोसा दिया। पुरानी जमीन रंजिश में दो पक्षों में ईंट–पत्थर लाठी–डंडे और गोली चली है। इसमें एक पक्ष के दो लोगों की मौत हो गई है। कुछ लोग घायल हुए हैं। उनका इलाज चल रहा है। आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एहतियात के तौर पर गांव में फोर्स लगा दी गई है।

## आवश्यक सूचना


आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बाइकों की टक्कर से दो की मौत : तीन घायल

गोरखपुर डीकेयू गोला ब्लॉक रिपोर्टर कृष्णा गोंड़ : थाना क्षेत्र के चंदौली सड़सड़ा गेट के पास दो बाइकों की भीषण टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी जबकी तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें सीएचसी गोला पर प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को इसी थाना क्षेत्र के डिघवा से जा रही बारात में शामिल होने के लिए तीन युवक, सभी तकरीबन 20 से 30 वर्ष, संकेत पुत्र हरिदेव, आदेश पुत्र श्री साहब प्रसाद व विवेक पुत्र छट्टू



प्रसाद एक ही बाईक से बड़हलगंज जा रहे थे। जबकी एक बाईक पर गोपालपुर से रामपुर बघौरा निवासी शैलेश पुत्र कन्हैया व सनी पुत्र संजय जो फरूहाई का नाच करते हैं कार्यक्रम करने जा रहे थे की दोनों बाइकों में सड़सड़ा गेट के पास टक्कर हो गयी। जिसमें सभी बाईक सवार बुरी तरह से घायल है गये। आसपास मौजूद लोग निजी साधनों से सभी को सीएचसी गोला लेकर आयें जहां चिकित्सकों ने डिघवा निवासी 18 वर्षीय विवेक व रामपुर बघौरा निवासी 21 वर्ष सनी पुत्र संजय को मृतक घोषित कर दिया गया। जबकी अन्य गंभीर रूप से तीन घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोसाटमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दो हजार से ज्यादा खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही, सांसद खेल स्पर्धा, के पहले दिन सदर लोकसभा की सांसद खेल प्रतियोगिता में 12 खेल प्रतियोगिताओं में दो हजार से ज्यादा खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। सुबह आठ बजे से ही टीमों ने स्टेडियम पहुंचना शुरू कर दिया। पूर्व ओलंपियन एवं क्रीड़ा अधिकारी सुनील कुमार ने सांसद सीमा द्विवेदी का स्वागत किया, सांसद ने 100 मीटर खिलाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। और खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया, वही समापन समारोह में सांसद बीपी सरोज ने पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। और खेल के साथ किसी प्रकार की समझौता न करने की बात कही, साथ–साथ उन्होंने खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट व मेडल देकर सम्मानित किया। खेल प्रतियोगिता में देर शाम तक खिलाड़ी पहला स्थान पाने के लिए पसीना बहाते रहे। संचालन सुजीत विश्वकर्मा ने किया। दो सौ लोग कर रहे व्यवस्था नियंत्रित इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा का कंट्रोल रूम पूरे दिन हलचल का केंद्र बना रहा। छोटी से छोटी समस्या से लेकर बड़ी से बड़ी दिक्कत का निपटारा कंट्रोल रूम से पूरे दिन हो रहा है। स्पर्धा के आयोजक युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि स्पर्धा के संचालन में विभिन्न समितियों की दो सौ लोगों की टीम व्यवस्था संभाल रही है। इसके साथ ही स्टेडियम के कुछ खिलाड़ी पूरे दिन सर्टिफिकेट वितरण में लगे रहे। दो साल बाद बड़ा आयोजन दो साल बाद स्टेडियम में इतना बड़ा खेल आयोजन हो रहा है। कोरोना के कारण दो साल से कोई भी बड़ी प्रतियोगिता स्टेडियम में नहीं हो सकी थी। स्टेडियम की सभी पार्किंग दिन में ही भर रही हैं। स्टेडियम के मुख्य द्वार के बाहर दोपहर में वाहनों की कतारें कतार लग गई। इसके साथ ही जगह–जगह खिलाड़ियों की टोलियां भी प्रतियोगिता की रंगत को बढ़ा रही थीं। एथलेटिक्स में सर्वाधिक पंजीकरण। सांसद खेल स्पर्धा में सबसे ज्यादा पंजीकरण एथलेटिक्स में हुए हैं। संचालन कर्ता सुजीत विश्वकर्मा ने बताया कि एथलेटिक्स में सबसे ज्यादा 350 पंजीकरण हुए हैं। इनमें



सबसे छोटी खिलाड़ी 12 साल की है। सुजीत विश्वकर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता शुरू होने के बाद भी लगातार पंजीकरण के लिए खिलाड़ी आ रहे थें। प्रतियोगिताओं के परिणामः एथलेटिक्स पुरुष वर्ग सौ मीटरः रोशन यादव सिरकोनी प्रथम, आर्यन गुप्ता करंजाकला, अंशुल कुमार सिंह सुईथाकला। तीन हजार मीटरः अवधेश यादव खुटहन, मनोज कुमार यादव रामनगर, निलेश यादव मुफ्तीगंज। कुस्तीः 50 केजीदृरंजीत यादव, सोनू यादव। 54 केजीदृ आकाश यादव,आनंद यादव। 58 केजीदृ शिवानंद यादव,मंगेश यादव। 63 केजीदृगौरव यादव,विकास यादव। 69 केजीदृअजय यादव,सूबेदार यादव। 800 मीटरः चंदन यादव सिरकोनी, राज बहादुर यादव जलालपुर, श्वेतअंजन सिंह सिकरारा। विजेता वॉलीबॉलःमोहम्मद जैकी,मोहम्मद अशरफ,अमीर आलम,मोहम्मद हमजा,मोहम्मद अली,माजिद खान अंकित यादव। उपविजेता वॉलीबॉलः संजय राय,नितेश सिंह,अखिलेश यादव,निलेश मौर्या,आनंद प्रजापति,आलोक सोनकर,रोहित चौहान,शिवम राय, प्रांजल, सत्यम सिंह। एथलेटिक्स बालिका वर्ग। 100 मीटरः शुभ्रता यादव करंजाकला, कोमल यादव जलालपुर, मनीषा यादव बक्सा। विजेता कबड्डीः कोमल पटेल, ललिता पटेल, काजल धीवर,नीलू कुमारी ,स्नेहा गौतम ,काजल मौर्य ,रात्रिका ,पूजा वर्मा ,साहिबा बानो। उपविजेता कबड्डीः सुलेखा पटेल,अंतिमा मौर्य,दिव्यांशी सरोज,काजल यादव,रीमा पाल,नेहा पटेल,रूबी,मीनू प्रतीक्षा मौर्या,प्रिया यादव 200 मीटरः कोमल यादव,मनीषा यादव,काजल धीवर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सांसद बीपी सरोज ने कहा कि यह महोत्सव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से करा रहे हैं, इसमें युवा वर्ग के बहुत बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम प्रधानमंत्री के निर्देश पर किया जाएगा।

## माता पिता की पुण्यतिथि पर 500 गरीबों को बाटा कंबल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछलीशहर कोतवाली के रामपुर कटा हित (चक इंगलिश)गांव निवासी मुंबई के उद्योगपति राम उजागीर सेठ ने अपने स्वर्गीय माता–पिता छब्बी देवी और खरभान यादव की पांचवी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में 500 गरीब जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया । आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अथिति चित्रकूट के जिला जिला जज आर के चौधरी ने कहा कि गरीबों की सेवा ही दुनिया का ।सबसे बड़ा धर्म है हर सक्षम व्यक्ति चाहिए कि गरीब व्यक्ति यथासंभव मदद करें गरीबों की सेवा से बड़ा पुण्य इस धरती पर कुछ भी नहीं है। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पूर्व विधायक लाल बहादुर यादव ने कहा कि समाज के हर वर्ग को अपनी हैसियत के हिसाब से गरीबों की मदद करनी चाहिए। समारोह को युवा सपा नेता राहुल त्रिपाठी ने भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि आज समाज में इस बात पर जोर देना चाहिए थी कौन वास्तव में गरीब है जो गरीब है उसकी मदद अवश्य की होनी चाहिए ।आज के इस शर्दी के मौशम में गरीबो को जो तन ढकने का काम कर रहे है यह महान पुनीत काम है इसका कोई जबाब नही है ।लोगो को ऐसे लोगो से सिख लेने की जरूरत है ।इस दौरान आयोजक समाजसेवी उद्योगपति रामू जागीर सेठ ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम माता–पिता की



हर पुण्यतिथि पर आयोजित किए जाते रहेंगे उन्होंने आए हुए लोगों का आभार व्यक्त किया और सभी गरीबों को कंबल एवं जलपान करवाया। इस अवसर पर अजय यादव सेठ श्याम यादव मनोज यादव प्रधान उमाशंकर सभा जी सीताराम हरीनाथ पारसनाथ कैलाश राहुल उपाध्याय राजनाथ यादव रामखेलावन रमाशंकर विशाल यादव भरत लाल यादव श्रीराम यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## एडीएम सिटी कोर्ट से 3 अभियुक्तों को किया गया जिला बदर

डीकेयू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : विधानसभा 2022 चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस लिया विभिन्न थाना अंतर्गत है तीन शातिर को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया जिससे आगामी विधानसभा 2022 चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जा सके। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना थानाध्यक्षों द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के संतृप्ति पर एडीएम सिटी कोर्ट से तीन अभियुक्तों को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया। एडीएम सिटी विनित कुमार सिंह ने बताया कि आगामी 2022 विधानसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए अपराधी किस्म के व्यक्तियों के ऊपर 107 ,116 की कार्यवाही करने की प्रक्रिया जारी है जिला बदर होने वालो में प्रमुख रूप से राहुल यादव पुत्र सुरेंद्र यादव निवासी मैना देवी स्कूल विलन्दपुर खत्ता थाना गोरखनाथ गौरव गुप्ता पुत्र हरिराम गुप्ता निवासी गीता वाटिका थाना शाहपुर करमचंद पुत्र लालचंद निवासी बुराड़ीह थाना गुलरिहा को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया। इनके अलावा और अपराधी किस्म के अभियुक्तों के ऊपर जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है।

## थाना नेवढ़िया पुलिस द्वारा 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष कमलेश कुमार मय हमराहियान द्वारा द्वारा आज दिनांक 29.11.2021 को सुबह 03 नफर वांछित अभियुक्तगण 1. नीरज गोड़ 2. सूरज गोड़ 3. कृष्णा गोड़ उर्फ सलरु पुत्रगण लालजी गोड़ निवासीगण ग्राम कोर्री थाना जलालपुर जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 153/21 धारा 3/5ए/8 गोबध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना नेवढ़िया जौनपुर को नरईबीर मंदिर जेठपुरा के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता दृ 1. नीरज गोड़ पुत्र लालजी गोड़ निवासी ग्राम कोर्री थाना जलालपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 28 वर्ष। 2.सूरज गोड़ पुत्र लालजी गोड़ निवासी ग्राम कोर्री थाना जलालपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 26 वर्ष। 3.कृष्णा गोड़ उर्फ सलरु पुत्र लालजी गोड़ निवासी ग्राम कोर्री थाना जलालपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 22 वर्ष। आपराधिक इतिहास दृ नीरज गोड़ पुत्र लालजी गोड़। 1.मु0अ0सं0 153/21 धारा 3/5ए/8 गोबध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना नेवढ़िया जौनपुर । 2.मु0अ0सं0 105/18 धारा 411/467/468/471 भादवि थाना नेवढ़िया जौनपुर। सूरज गोड़ पुत्र लालजी गोड़। 1.मु0अ0सं0 153/21 धारा 3/5ए/8 गोबध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना नेवढ़िया जौनपुर। 2. मु0अ0सं0 458/14 धारा 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना मड़ियाहूँ जौनपुर। कृष्णा गोड़ उर्फ सलरु पुत्र लालजी गोड़। 1.मु0अ0सं0 153/21 धारा 3/5ए/8 गोबध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधि0 थाना नेवढ़िया जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–1.थानाध्यक्ष कमलेश कुमार थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 सुरेश सिंह विशेन, हे0का0 जय प्रकाश यादव प्रथम, का0 धनवन्तर कुमार यादव थाना नेवढ़िया जौनपुर।

## थाना सुरेरी पुलिस ने 01 वारण्टी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जौनपुर के निर्देशन मे एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्वेक्षण मे एवं SO श्री राजनरायन चौरसिया के निर्देशन मे उ0नि0 अटल बिहारी मिश्र थाना सुरेरी जनपद जौनपुर मय हमराही द्वारा मा0 उच्च न्यायालय प्रयागराज अ0सं0 241/20 धारा 128 सीआरपीसी थाना रामपुर जनपद जौनपुर तारिख पेशी 02.12.21 मे जारी वारण्ट मे वारण्टी अनुज कुमार पुत्र राम सेवक ग्राम सीठूपुर थाना सुरेरी जनपद जौनपुर को कारण गिरफ्तारी बताकर हिरासत पुलिस लिया गया अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है गिरफ्तार वारण्टी का नाम व पता– 1.अनुज कुमार पुत्र रामसेवक निवासी सीठूपुर थाना सुरेरी जनपद जौनपुर उम्र 27 वर्ष गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 अटल बिहारी मिश्र थाना सुरेरी जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 श्रीप्रकाश तिवारी थाना सुरेरी जनपद जौनपुर।

## दीपदान व भारत माता की आरती कर मनाया गया अमृत महोत्सव

आर एल पाण्डेय लखनऊ। अमृत महोत्सव समिति लखनऊ पश्चिम भाग शत्रुघ्न नगर में रविवार को सआदतगंज के बड़ा चौराहा पर आजादी के 75वर्ष के उपलक्ष्य में अमृत महोत्सव मनाया। इस अवसर पर भारत माता की आरती हुई और दीप दान किया गया। छह वरिष्ठ समाजसेवियो को सम्मानित भी किया गया। संयोजक पवन तिवारी अखण्ड ने बताया कि समारोह में चौराहा का नाम अन्नपूर्णा चौराहा का प्रस्ताव भी रखा गयास इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक और क्षेत्र के लोक प्रिय डाक्टर ज्ञान प्रकाश गुप्ता ,हरिप्रसाद मिश्र, बाल कृष्ण रस्तोगी, रम्मन त्रिवेदी ,राधेश्याम साहु, विहिप से राज किशोर मौर्या को अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। आयोजन में संजय साहू, मुकेश, दीपक निगम ,प्रवीन शुक्ला, शुभम् राठौर आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## थाना गौराबादशाहपुर ने 3/4 डी0पी0 एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा निर्देशन मे गौराबादशाहपुर पुलिस बल द्वारा मुखवीर की सूचना पर दहेज हत्यारा छोटू पुत्र मिठाई लाल निवासी प्रेमापुर थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर को आज दिनांक 29/11/2021 रेलवे क्रॉसिंग केशवपुर से गिरफ्तार किया गया। जो थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 86 /21 धारा 498ए/304 बी 323/504 भा0द0वि0 व 3/4 डी0पी0 एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त है। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1. छोटू पुत्र मिठाई लाल उर्फ मिट्ठू निवासी पचेवरा थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर उम्र 22 वर्ष। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 संतोष कुमार पाठक थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर जौनपुर। 2.का0 अनिल कुमार यादव, का0 अवनीश सोनकर थाना गौराबादशाहपुर जौनपुर।

## थाना केराकत पुलिस ने 01 वारण्टी को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों एवं वाँछित वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा दृ निर्देशन में थाना केराकत जौनपुर पुलिस द्वारा प्र0नि0 केराकत लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व मे आज दिनांक 29.11.2021 को माननीय न्यायालय द्वारा जारी एनबीडब्लू वारण्ट प्रोसेस सम्बन्धित मु0नं0– 903/20 धारा 323 /504 भा0द0वि0 मे फरार चल रहे वारण्टी – अभियुक्त संतोष पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम सरौनी पूरब पट्टी थाना केराकत जनपद जौनपुर उम्र 39 वर्ष को ग्राम सरौनी पूरब पट्टी उसके घर से समय 8.00 बजे प्रातः गिरफ्तार कर चालान सम्बंधित माननीय न्यायालय किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1 दृ संतोष पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम सरौनी पूरब पट्टी थाना केराकत जनपद जौनपुर उम्र 39 वर्ष। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1– प्र0नि0 लक्ष्मण पर्वत थाना केराकत जनपद जौनपुर । 2– उ0नि0 हैदर अली थाना केराकत जनपद जौनपुर। 3– हे0का0 अनिल सिंह थाना केराकत जनपद जौनपुर । 4– का0 विश्वाश यादव थाना केराकत जनपद जौनपुर ।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

*भूल होना प्रकृति है, मान लेना संस्कृति है, सुधार लेना प्रगति है–*

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# आम से खास तक : बड़े, अमीर और गैरजवाबदेह

अमेरिका में स्टैंडर्ड ऑयल और एटी ऐंड टी बिखर गया, तो चीन ने अलीबाबा, टेंसेंट और दीदी पर सख्ती की है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और फेसबुक को कई देशों में गुस्से का सामना करना पड़ रहा है? क्यों? इसलिए, क्योंकि ये सब बहुत बड़े और बहुत अमीर और गैरजवाबदेह हो गए।

बड़े लोग अमीर होते हैं और अमीर लोग बड़े होते हैं। और एक बार जब वह बड़े और अमीर हो जाते हैं, तब स्पष्ट खतरा होता है कि वह जवाबदेह नहीं होंगे। अमेरिकी सीनेटर जॉन शर्मन (पहला एंटीट्रस्ट एक्ट 1890 आमतौर पर शर्मन एक्ट के नाम से जाना जाता है) ने कहा था, 'यदि हम एक राजा को राजनीतिक ताकत के रूप में बर्दाश्त नहीं करना चाहते, तो हमें जीवन से जुड़ी किसी भी जरूरत के उत्पादन, परिवहन और बिक्री को लेकर भी राजा को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए।'

अमेरिका में स्टैंडर्ड ऑयल और एटी ऐंड टी बिखर गया, तो चीन ने अलीबाबा, टेंसेंट और दीदी पर सख्ती की है। माइक्रोसॉफ्ट, गूगल और फेसबुक को कई देशों में गुस्से का सामना करना पड़ रहा है? क्यों? इसलिए, क्योंकि ये सब बहुत बड़े और बहुत अमीर और गैरजवाबदेह हो गए।

ठीक उसी तरह जैसे हम एक राजा को एक शासक के रूप में बर्दाश्त नहीं करेंगे, वैसे ही हमें उस शासक को बर्दाश्त नहीं करना चाहिए जो कि राजा बनना चाहता है। इसीलिए अनेक देशों में राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के लिए कार्यकाल की सीमा तय है, क्योंकि वह पूर्ण सत्ता हासिल कर सकता/सकती है।

लोकतांत्रिक और अमीर

व्लादिमीर पुतिन ने राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के रूप में सत्ता में बने रहने का रास्ता ढूंढ़ लिया है। शी जिनपिंग ने अपनी सत्ता और मजबूत की है और कार्यकाल की सीमा खत्म कर ली है और अगले साल अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करने की तैयारी में हैं। किसी भी परिभाषा से ये दोनों देश लोकतंत्र नहीं हैं। न ही वे अमीर देशों की श्रेणी में आते हैं।

प्रति व्यक्ति आय के लिहाज से दुनिया के दस शीर्ष देश हैंः 1. लक्समबर्ग, 2. आयरलैंड, 3. स्विट्जरलैंड, 4. नॉर्वे, 5. अमेरिका, 6. आइसलैंड, 7. डेनमार्क, 8. सिंगापुर, 9. ऑस्ट्रेलिया, 10. कतर। कतर और सिंगापुर को छोड़कर आठ अन्य देश पूरी तरह से लोकतांत्रिक हैं। कतर में राजशाही, जबकि सिंगापुर लोकतंत्र की योग्यता रखता है। मैं इन आठों में से अमेरिका को छोड़कर और कुछ प्रयास के साथ ऑस्ट्रेलिया को छोड़कर, किसी अन्य देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री का नाम नहीं ले सकता।

सबक यह है कि एक देश और उसके लोग अमीर और लोकतांत्रिक हो सकते हैं, हालांकि उनका नेतृत्व शांत, संकोची और अनजाने नेताओं द्वारा किया जाता है। मेरी जानकारी में इनमें से किसी भी नेता पर अक्खड़ या अहंकारी होने का आरोप नहीं लगाया गया है।

गैरजवाबदेही की ओर

पूर्ण सत्ता या संसद और मीडिया के प्रति तिरस्कार ने लोकतंत्र को बीमार कर दिया है। 'मैं सब जानता हूं' या 'मैं ही उद्धारक हूं', जैसी बयानबाजी के लिए लोकतंत्र में जगह नहीं होनी चाहिए। जब कोई राजनीतिक दल बहुत बड़ा, बहुत अमीर और गैरजवाबदेह हो जाए तो ये बुराइयां आ जाती हैं।

भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा दल होने का दावा करती है और हम जानते हैं कि वह भारत का सबसे अमीर दल है। उसके पास लोकसभा की 543 में से 300 सीटें हैं और विधानसभा की 4,036 सीटों में से 1,435 सीटें हैं। 28 में से 17 राज्यों में उसकी सत्ता है। इस मामले में भी वह बहुत बड़ी पार्टी है। भाजपा बहुत अमीर भी है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के मुताबिक, 2019–20 में भाजपा ने अज्ञात स्रोतों से 2,642 करोड़ रुपये (सभी दलों को मिले 3,377 करोड़ रुपये में से) प्राप्त किए जिनमें कुख्यात इलेक्टोरल बांड्स भी शामिल है। पांच राज्यों के पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 252 करोड़ रुपये खर्च किएय इसमें से 151 करोड़ रुपये अकेले पश्चिम बंगाल में खर्च किए गए!

पिछले सात सालों में भाजपा और अधिक गैरजवाबदेह हुई है। उसने संसद में बहस त्याग दीय संसदीय समितियों की जांच के बिना और अक्सर दोनों सदनों में बहस के बिना विधेयक पारित करवाएय प्रधानमंत्री संसद और मीडिया से बचते हैंय सरकार को अपने राजनीतिक विरोधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों के विरुद्ध सीबीआई, ईडी, आयकर, एनआईए और अब एनसीबी का इस्तेमाल करना पड़ता है।

बहुत बड़ा, बहुत अमीर और गैरजवाबदेह दल होने के बावजूद भाजपा ने अनेक चुनाव जीते हैं। जहां वह हार गई, वहां उसने विधायकों की खरीद और वफादार राज्यपालों की मदद से सरकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने गर्व से इस घिनौने अभ्यास को नाम दिया है– ऑपरेशन लोटस!

केवल हारने का डर

तीन कृषि कानूनों को पारित करने और इन कानूनों का अड़ियल तरीके से बचाव करने में अहंकार का जमकर प्रदर्शन किया गया। ये कानून अध्यादेश के जरिये लाए गए थे और बाद में संसद में बहस के बिना इन्हें कानून में बदल दिया गया। किसान पंद्रह महीने से विरोध कर रहे थे, लेकिन सरकार नहीं झुकी। किसानों को बातचीत के लिए भेजे गए निमंत्रण में कोई गंभीरता नहीं थी और वार्ताएं राजनीतिक नाटक जैसी थीं।

किसानों और उनके समर्थकों के साथ गाली–गलौज (खालिस्तानी, राष्ट्रविरोधी) अशोभनीय सीमा तक पहुंच गई। राजनीतिक कार्रवाई बर्बर थी। सुप्रीम कोर्ट को दिया गया जवाब अपमानजनक था। जब तक खुफिया रिपोर्ट्स और सर्वे के नतीजों ने उच्च स्तर तक रिसकर पहुंच नहीं गए, सरकार आत्मसंतुष्ट बनी रही।

यह एकदम स्पष्ट है कि मोदी सरकार सिर्फ एक चीज से डरती है और वह है चुनाव में पराजय। विधानसभा की तीस सीटों के उपचुनाव के नतीजे आने के कुछ घंटों के भीतर ही पेट्रोल और डीजल के दाम कम किए गए, जिनमें भाजपा को सिर्फ सात सीटें मिलीं। कृषि कानूनों की वापसी का फैसला (कैबिनेट की मंजूरी के बिना मोदी ने लिया) इस बात का स्पष्ट संकेत था कि उन्हें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा (जहां आज उनकी पार्टी की सरकारें हैं) में भारी नुकसान होने और पंजाब में पूरी तरह सफाया हो जाने का डर था।

प्रधानमंत्री की 'स्टेट्मैनशिप' की उनके मंत्रियों द्वारा की जाने वाली प्रशंसा यही दिखाती है कि वे कैसे गूंगे चीयरलीडर्स बन गए हैंः मोदी ने जब कानून पारित किया, तब वह एक राजनेता थे और जब उन्होंने उन्हें वापस लिया, तो वह और बड़े राजनेता हो गए!

भारत में लोकतंत्र तब तक जीवित रह सकता है, जब तक भाजपा को चुनाव हारने का डर सताता रहे। इससे भी अच्छा यह हो कि फरवरी 2022 में हार मिलने पर भाजपा का अक्खड़पन और अहंकार कुछ हद तक कम हो।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## तारागांव के सरस्वती शिशु मंदिर में अमृत महोत्सव

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारत देश में स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए "आजादी का अमृत महोत्सव" अभियान के तहत आज विकास खण्ड टोडरपुर के ग्राम तारागाँव के जय श्री बालाजी सरस्वती शिशु मन्दिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र सिंह समेत विद्यालय के सभी आचार्यो तथा भैयाबहिनों एवं अभिभावकों नें भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर रोली अक्षत किया इस मौके पर विद्यायल में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सहखण्ड कार्यवाह विनय वाजपेयी नें बताया कि "आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हम सभी को उन क्रान्तिकारियों को याद करना चाहिये जिन्होंने हम सबको स्वतंत्रता प्राप्त कराई है और उसके लिये अपनें प्राणों की आहुति तक दे दी अन्त में उन्होंने बताया कि हम सभी को एक सहयोगात्मक तालमेल बनानें का प्रयास करना चाहिते और अपनें भारत देश की सेवा




करनीं चाहिये। इस मौके पर प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र सिंह, प्रेमपाल, प्राईमरी स्कूल तारागाँव के प्रधानाचार्य राधेश मिश्र एवं विद्यालय के सभी अध्यापक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे तथा दिनेश वाजपेयी,मोहित वाजपेयी, वैभव वाजपेयी, श्री कान्त पाण्डेय, श्रीराम, सकटेलाल, अवधेश, पवन दीक्षित, उदयवीर सिंह,अमर सिंह,अमित यादव,रामू, कमलकिशोर, रामजीवन,लाली पाल,नीरज,रानू,ईश्वर वती,विकास पाल,रमाकान्त एवं तारागाँव, कैमी,चकढकिया,उरली,चठिया नेवादा के प्रधान रामसिंह,मोहित सिंह,शिवकुमार, अश्वनी कुमार, सनी सिंह आदि कई व्यक्ति उपस्थिति रहे।

## बसपा में ब्राह्मण –दलित गठजोड़ का फार्मूला इस बार नहीं बैठ रहा फिट, पार्टी में भगदड़ की हो गयी है स्थिति

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : राजनीतिक विश्लेषक उपेंद्र राय के अनुसार एक तरफ मायावती ब्राह्मण–दलित गठजोड़ मुद्दे को जोर–शोर से उठा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी उत्तर प्रदेश के चुनाव को लेकर काफी सक्रिय हैं लेकिन इन दोनों दलों के बड़े नेता पार्टी से किनारा कर दूसरे दलों की ओर रुख कर रहे हैं। इससे आने वाले चुनाव में इनकी वोट बैंक पिछले विधानसभा से भी नीचे खिसकने के आसार बढ़ते जा रहे हैं। अब तक बसपा के 11 विधायक दूसरे भाजपा अथवा सपा में जा चुके हैं। वहीं कांग्रेस की नेता रायबरेली की विधायक अदिति सिंह, जितिन प्रसाद सहित कई दिग्गज भाजपा का दामन थाम चुके हैं। अभी भी दोनों दलों से कई नेता पाला बदलने की फिराक में लगे हुए हैं। इससे चुनाव आते–आते तो दोनों पार्टियां एक तरह से नेता विहीन की स्थिति में आ जाएंगे। इस संबंध में राजनीतिक विश्लेषक राजीव रंजन सिंह का कहना है कि प्रियंका वाड्रा ने लखीमपुर में किसानों की मौत के बाद जो सक्रियता दिखाई, उसके बाद तो लगा कि कांग्रेस में कुछ जान आ जाएगी लेकिन जैसे–जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे–वैसे कांग्रेस का ग्रॉफ नीचे की ओर खिसकता हुआ दिख रहा है। राजनीति में कब क्या होगा, यह तो कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन इतना जरूर है कि अभी कांग्रेस और बसपा की स्थितियां ठीक नहीं हैं। वहीं वरिष्ठ पत्रकार अनिल सिंह राणा का कहना है कि इस बार तो जो दलित वर्ग में एक विशेष जाति बसपा की तरफ ही रहता था, वह भी खिसकता जा



रहा है। इस वोट बैंक को भाजपा अपनी तरफ मोड़ने में लग गई है। यदि बसपा के खिसके वोट को भाजपा खुद लेने में सफल हो जाती है तो फिर आने वाले चुनाव में उसका ग्रॉफ काफी बढ़ सकता है। यह बता दें कि गुड्डू जमाली के बसपा छोड़ने के बाद वहां ज्यादा हड़कंप मचा हुआ। बसपा अब तक जमाली के भरोसे मुस्लिम समुदाय को अपने से जोड़ने के लिए प्रयोग करने वाली थी लेकिन उसके पास अब कोई वैसा मुस्लिम चेहरा नहीं बचा है। पार्टी छोड़ने का सिलसिला कहां जाकर थमेगा, यह कहना कठिन है। अब तक पार्टी असलम, चौधरी, मो. मुजतबा, असलम राइनी, सुषमा पटेल, डॉ. हरगोविंद भार्गव, और हाकिम लाल बिंद ने बसपा छोड़कर सपा का दामन थाम लिया है। वहीं वंदना सिंह बसपा छोड़कर भाजपा जा चुकी हैं। रामअचल राजभर और लाल जी वर्मा का बसपा से निष्कासन ही हो गया। मुख्तार अंसारी को पहले ही टिकट न देने का बसपा ने फैसला किया है। वहीं कांग्रेस के पास पूरब में हारे हुए नेता अजय राय व कुशीनगर से अजय कुमार लल्लू ही बचे हैं।

## चचेरी बहन की शादी में शामिल होने आये युवक की पीट–पीटकर हत्या

डीकेयू गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : जनपद गोरखपुर के गोरखनाथ थाना क्षेत्र के 10 नंबर बोरिंग स्थित रिमझिम मैरिज हॉल में अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने आये एक युवक की बारातियों ने पीट–पीटकर हत्या कर दी और आराम से चलते बने। जानकारी के मुताबिक मृतक राहुल चौधरी अपनी चचेरी बहन प्रियंका की शादी में शामिल होने रिमझिम मैरिज हाल पहुंचा था. शादी में डीजे पर नाचने को लेकर बारातियों से कुछ विवाद हो गया जिसके बाद बारातियों ने राहुल की पीट पीटकर हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक रविवार की रात को वैवाहिक समारोह के बीच मे ही इस घटना को अंजाम दिया गया हैं। लड़की का चचेरा भाई राहुल चौधरी उम्र 25 वर्ष पुत्र हरिचंद चौधरी निवासी विशुनपुर (रामनगर) थाना चिलुआताल का निवासी हैं। मृतक युवक BA फाइनल का छात्र था. लड़की जिसकी शादी हो रही थी वह थाना चिलुआताल के विशुनपुर निवासी शेषनाथ की पुत्री प्रियंका हैं बारात पीपीगंज थाना क्षेत्र के वार्ड नं०7 लोहिया नगर निवासी



रामपति चौधरी के पुत्र गौरव चौधरी की थी। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

## टीकाकरण के लिए रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता खत्म : दूसरी डोज के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियानः डॉक्टर एस एस रजा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। टीकाकरण की पहली व दूसरी डोज के लिए रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता प्रशासन ने खत्म कर दी है। अब वॉक इन टीकाकरण व्यवस्था हो गई है। डीएम अभिषेक प्रकाश के निर्देश पर विशेष कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है कोवीशील्ड व कोवैक्सीन दोनों प्रकार की वैक्सीन का इस्तेमाल करते हुए पहली व दूसरी खुराक दी जा रही है। 2 दिसंबर तक विशेष अभियान चलेगा। इस दौरान पहली डोज भी दी जा रही है। विशेष कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम के तहत सीएचसी चंदरनगर, उत्तर रेलवे हॉस्पिटल, लोकबंधु चिकित्सालय, पीएचसी पारा, पीएचसी आजाद नगर, पीएचसी नादरगंज, पीएचसी औरंगाबाद, पीएचसी चितवा पुर, किला मोहम्मदी, तेलीबाग, आलमबाग बस स्टॉप पर शिविर लगाया जा रहा है। सीएचसी स्तर पर मीडिया के जरिये व्यापक प्रचार –



प्रसार किया जा रहा है। उक्त जानकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदरनगर आलमबाग के चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसएस रजा ने दी।

## परमात्मा का 25 वां अवतार है रामचरित मानस – संत मोरारी बापू

अयोध्या (अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता)।कारसेवकपुरम में संचालित अयोध्या मानस कांड आधारित रामकथा परिक्रमा के दूसरे दिन अभिनव कथाकार संत मोरारी बापू ने रामचरित मानस के अद्भुत रहस्यों को उद्घाटित किया।बापू ने कहा कि श्रीरामचरितमानस में मंगलाचरण के कुल 23 श्लोक हैं, बालकांड में सात, अयोध्या कांड में तीन, अरण्य कांड में दो, किष्किन्धा कांड में दो, सुंदरकांड में तीन, लंकाकांड में तीन और उत्तरकांड में तीन, कुल 23 श्लोक मानस में मंगलाचरण के हैं।मानस के अंत में दो श्लोक हैं, कुल 25 श्लोक हो जाते हैं। यह 25 वां श्लोक स्वयं मानसावतार का प्रतिपादन है। बापू कहते हैं कि परमात्मा का 25 वां अवतार रामचरित मानस है।कथाक्रम को आगे बढ़ाते हुए बापू ने कहा कि 25 वां अवतार मानसावतार तो आपकी झोली में ही है अर्थात आपके पास ही है। बस इसे झोली से हृदय तक ले जाना है और यात्रा पूर्ण हुई समझें।मंगलाचरण का विवेचन करते हुए कहते हैं कि मात्र उच्चारण की शुद्धि से ही सिद्धि नही होगी, आचरण भी मंगल हो तभी सिद्धिदायक होगा। अयोध्याकांड मंगलाचरण के प्रथम श्लोक में शिवजी सहित भगवती पार्वती की वंदना गाते हुए बापू ने बताया कि अभिषेक मात्र अजन्मा का होता है, देहधारी का मात्र स्नान होता है।अजन्मा मात्र महादेव शिव जी हैं, वही मात्र नीलकंठ हैं। कहा कि साधु वही जो सावधान रहे। जो संसार में रहते हुए भी तपस्वी सा जीवन जिए वो साधु है।बापू ने जब तापस वेष विशेष उदासी, चौदह बरिस राम वनवासी...के जरिए रामवनगमन प्रसंग छेड़ा तो भक्त भाव विभोर हो उठे। कथा



अवसर पर उपस्थित आईजी परिक्षेत्र केपी सिंह, महंत सुरेश दास, अधिकारी राजकुमार दास, जगद्गुरु श्रीरामदिनेशाचार्य, संत सतुआ बाबा, संत मिथिला बिहारी दास सहित बड़ी संख्या में भक्त कथा की भावधारा में डुबकी लगाते दिखे।मोरारी बापू ने व्यासपीठ से मंदिर निर्माण हेतु अनेकों महापुरुषों के त्याग–समर्पण को प्रणाम करते हुए साकेतवासी महंत रामचंद्र दास परमहंस का स्मरण किया।जब बापू ने कहा कि राम का मंदिर बनते देखते हैं रोम–रोम खुश हो जाता है तो पूरी कथा पंडाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंजने लगा। इस मौके पर बापू ने काशी के सौंदर्य और विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।मोरारी बापू ने कहा कि अयोध्या कांड युवानि का कांड है। इस कांड के जरिए उन्होंने युवाओं के कई संदेश दिए।उन्होंने कहा कि युवा खूब मौज करो लेकिन विवेक की गंगा सिर पर रखो।हमारी मौज प्रेरणादायी होना चाहिए।सुखी दांपत्य जीवन का सूत्र बताते हुए कहा कि पति–पत्नी के बीच प्रीत होती है तो पूरे घर का वातावरण बदल जाता है, मर्यादा नहीं टूटनी चाहिए।

## ऐतिहासिक पंचकोसी परिक्रमा मार्ग की जमीन का ही कर दिया पट्टा

अयोध्या संवाददाता सुरेन्द्र कुमार गौतम : अयोध्या की ऐतिहासिक पंचकोसी परिक्रमा मार्ग से सटी ग्राम पंचायत हैबतपुर में सन 1990 यहां की गाटा संख्या 25 का रकबा 1 बीघा 13 बिस्वा 15 धुर जो ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व की सरकारी भूमि पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के खाते में दर्ज है यह सुरक्षित भूमि की श्रेणी में आती है लेकिन यहां के तत्कालीन प्रधान ने छोड़ा। ग्राम पंचायत के तत्कालीन प्रधान रफउद्दीन पुत्र मोहिउद्दीन ने अपने प्रभाव से इस भूमि को श्रेणी 6(2)से श्रेणी 5 में परिवर्तित करा कर एक बीघा 8 बिस्वा भूमि का पट्टा अपने नाम और 4 बिस्वा जमीन का पट्टा रामकेवल के नाम खतौनी में दर्ज करा लिया जो कि इस जमीन की ऐतिहासिक महत्व को भी नजर अंदाज कर दिया गया ।राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से ग्राम पंचायत के तत्कालीन ग्राम प्रधान और एक अन्य व्यक्ति ने इस जमीन का पट्टा करा लिया जबकि प्रधान के रहते किसी भी व्यक्ति का नाम पट्टा करने की अनुमति नहीं है इस खुलासे के बाद प्रशासन में हलचल मच गई फिलहाल डीएम अनुज कुमार झा ने एसडीएम से पट्टा निरस्त करते हुए इसे पूर्ववत सार्वजनिक भूमि के नाम दर्ज करने का आदेश दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय अधिवक्ता अनिल अग्रवाल ने जिलाधिकारी के समक्ष इस पर घोर आपत्ति दर्ज कराई ग्राम पंचायत के 6 अगस्त 1990 के प्रस्ताव के आधार पर तत्कालीन एसडीएम से 15 मई 1991 को किए गए इस पट्टे को खारिज करने का तर्क दिया बताया कि इस गाटा की एक विशवा 15 धुर भूमि पर पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का निर्माण हुआ है जबकि 4 बिस्वा पर रामकेवल ने पेड़ लगा लिए शासकीय अधिवक्ता ने इसे खारिज कर के पूर्वज करने की बात कही जिलाधिकारी ने प्रधान रखा उद्दीन और रामकेवल के पक्ष में किए गए कृषि पट्टे को निरस्त करते हुए इसे पूर्व की भांति पुनः वर्ग 5 में दर्ज करने का आदेश दिया फिलहाल डीएम के आदेश के बाद अयोध्या की पंचकोसी परिक्रमा मार्ग बाधित होने से बच गया जो ऐतिहासिक श्री राम जन्म भूमि की पक्षधर में चलती चली आ रही।

## थानाध्यक्षों को 48 घंटे में दुर्घटना संबंधी विवरण पेश करना अनिवार्य

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 11 दिसंबर को संपन्न होगी इस संबंध में मातापुर स्थित एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल जज मनोज कुमार सिंह गौतम, प्राधिकरण सचिव शिवानी रावत व पीठ के सदस्य हिमांशु श्रीवास्तव एडवोकेट ने अधिकतम एक्सीडेंट क्लेम के मुकदमों निस्तारित करने पर बल दिया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला दिया गया जिसमें किसी क्षेत्र में दुर्घटना होने के बाद मृतक/घायल,अभियोगी वाहन, नक्शा नजरी इत्यादि का संपूर्ण ब्यौरा संबंधित थानाध्यक्ष को 48 घंटे के भीतर ट्रिब्यूनल व बीमा कंपनी को भेजना आवश्यक है।इसके अलावा 30 दिन के भीतर विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करना होगा। अधिवक्ताओं ने विवेचक द्वारा वर्षों से आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत न करने को न्यायिक कार्य तथा लोक अदालत ने मुकदमों के त्वरित निस्तारण में बाधा पहुंचाना बताया। जज मनोज कुमार सिंह गौतम ने लोक अदालत के संबंध में अगली बैठक 7 दिसंबर को विभिन्न बीमा कंपनियों के टी पी हब प्रभारियों को पत्र लिखकर उपस्थित होने के लिए आदेशित किया है। जिससे अधिवक्ताओं से वार्ता के बाद क्षतिपूर्ति का निर्धारण कर अधिकतम मुकदमों का त्वरित निस्तारण किया जा सके। बैठक में 48 मुकदमों की सूची सुलह समझौते के लिए प्रस्तुत की गई। सचिव शिवानी रावत ने आगामी लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग की अधिवक्ताओं से अपेक्षा की। बैठक में अधिवक्ता सत्येंद्र सिंह, एके सिंह ,प्रवीण श्रीवास्तव, बृजेश निषाद, सूर्यमणि पांडेय, निलेश निषाद, सोभनाथ यादव,केके शर्मा, रविंद्र विक्रम सिंह, राणा प्रताप सिंह, जयप्रकाश पटेल,निलेश यादव, सनी यादव आदि उपस्थित थे।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस में जौनपुर के डॉ. हरेन्द्र देव सिंह को फेलोशिप देकर किया गया सम्मानित

जौनपुर पत्रकार धनन्जय विश्वकर्मा : 17वीं कॉन्फ्रेंस आफ एशिया पैफिक कोंग्रेस आफ हाइपरटेंशन 2021 के तहत नेशनल कॉन्फरेन्स आफ हाइपरटेंशन सोसायटी का चार दिवसीय कॉन्फ्रेंस का हाइब्रिड आयोजन दिल्ली स्थित एक होटल में शुक्रवार की शाम को आयोजित किया गया। जिसमें देश विदेश के नामी गिरामी हृदय रोग विशेषज्ञों का फिजिकल वर्चुअल जमावड़ा रहा। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध चिकित्सक डॉ. आर. वैंकट रमन, डॉ. जान फर्नांडो, डॉ. नार सिंहन तथा हेनरी विल्सन वर्चुअल माध्यम से कॉन्फरेन्स से जुड़े रहे। साथ ही तमाम विशेषज्ञों ने भाग लिया। कॉन्फरेन्स में देश एवं विदेश में होने वाली हाईपर टेन्शन की दुशवारियों एवं इसके प्रति सामाजिक लापरवाहियों एवं इलाज की स्थिति तथा वर्तमान में होने वाली रीसर्च के बारे में चर्चा एवं मंथन हुआ। इस प्रतिष्ठित कॉन्फ्रेंस में जनपद से पहली बार इतने बड़े फोरम पर पहली बार कॉर्डिओलॉजिस्ट डॉ. हरेंद्र देव सिंह (कृष्णा हार्ट केयर) जेसीज चौराहा जौनपुर को पूर्वी उत्तर प्रदेश में जन चेतना एवं इस रोग के प्रति ऐक्टिविस्ट की तरह जागरूकता फैलाने में अप्रतिम प्रयास के लिये फेलोशिप देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान दिल्ली विश्वविद्यालय के वीसी और डॉ. गंगवार एवं असिंघन द्वारा प्रदान किया




गया। यह उनके प्रभावी अनुभव कार्यों तथा सामाजिक उपक्रमों, उत्कर्ष सामाजिक चेतना के लिये प्रदान किया गया। हाइपर टेन्शन जैसी महामारी एवं साइलेंट किलर के प्रति गहन चर्चा के सेशन को चलाने की कार्यवाही का संचालन का अवसर दिया। बताया कि हममें से आधे लोगों को पता ही नहीं है कि हमें हाइपरटेन्शन है और एक तिहाई लोग जो जानते हैं उनको हाइपरटेंशन है उनका ब्लडप्रेशर सामान्य नहीं है। ब्लड प्रेशर के प्रति सजगता जागरूकताएँ ही इससे होने वाली दुशवारियों से बचा सकती हैं। आज हार्टअटैक, ब्रेन स्ट्रोक, किडनी फेल्यर, ब्लायंड्नेस की घटनाओं को रोका जा सकता है। इसका मूल मंत्र है आप अपना ब्लडप्रेशर नियंत्रित रखें और खुद सतर्क रहें। जागरूकता आपको अपंग लाचार एवं आर्थिक संकठ से बचाकर स्वस्थ बनाकर बेहतर जिंदगी दे सकती है।इस सम्मान से डा रविंद्र कुमार सिंह, डा लकी सिंह, शिवम दुबे, सहित तमाम लोग बधाई दिए।

